ओम नमो भगवते गोरक्षनाथाय्

विशाल स्वास्थ्य मेला

ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं पुण्यतिथि तथा ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पाचवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ''**विशाल स्वास्थ्य मेला**'' का आयोजन, गोरक्षपीठाधीश्वर, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री परमपूज्य महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज के प्रेरणा एवं आशीर्वाद से दिनांक 15 सितम्बर 2019, दिन-रविवार को चिकित्सालय परिसर में आयोंजित की गई है।

गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय परिसर में आयोजित इस स्वास्थ्य मेले में लगभग सभी स्पेशलिटी के वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक अपनी सेवायें प्रदान करेगें जैसे - मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग, चर्म रोग, दन्त रोग, अस्थि रोग, चेस्ट रोग, उपरोक्त के अलावा कार्डलियोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, कैंसर सर्जरी, गैस्ट्रो सर्जरी, गैस्ट्रोलॉजी एवं हिमैटोलॉजी के वरिष्ठ चिकित्सक भी अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।

आप लोगों की सूचना के लिए यह बताना आवश्यक है कि फोर्टिस हास्पिटल दिल्ली के वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक हिमैटोलॉजी डा0 राहुल भार्गव एवं लीवर ट्रान्सप्लान्ट तथा गैस्ट्रो सर्जन डा0 अजिताभ श्रीवास्तव, कैंसर सर्जन डा0 आलोक तिवारी एवं नेफ्रोलॉजिस्ट डा0 सलिल जैन भी अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।

चिकित्सालय के उच्चीकृत नेत्र विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र रोग जैसे - मोतियाबिन्द, काला मोतिया, भैंगापन तथा आंख के अन्य रोगों की निःशुल्क जांच की जायेगी।

इस शिविर में मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित कर एवं आपरेशन के पूर्व जांच कर आपरेशन की तारीख दी जायेगी। मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से इन्ट्राआक्यूलर लेन्स (आई0ओ0एल0) लगाकर चिकित्सालय में गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर विशाल स्वास्थ्य मेला का लाभ उठावें।

निदेशक, गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर

रजिस्ट्रेशन समय - प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक

स्थान : गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ, गोरखपुर